क्रय प्रबंधक सूचकांक

एसएंडपी (S&P) ग्लोबल इंडिया मैन्युफैक्चरिंग **पर्चेज़िंग मैनेजर्स इंडेक्स (PMI)** के अनुसार, दिसंबर 2022 में भारत के विनिर्माण क्षेत्र में 13 महीनों में सबसे महत्त्वपूर्ण उत्पादन वृद्धि हुई है।

- **अक्तूबर से दिसंबर तिमाही** के लिये **पीएमआई का औसत 56.3** रहा, जो एक साल में सबसे ज़्यादा है। यह इंगित करता है कि विनिर्माण क्षेत्र अच्छा प्रदर्शन कर रहा है और रोज़गार सृजन में योगदान दे सकता है।

क्रय प्रबंधक सूचकांक:

- यह एक सर्वेक्षण-आधारित प्रणाली है जिसमें संगठनों से पिछले महीने की तुलना में प्रमुख व्यावसायिक परिवर्ती कारकों की वजह से हुए परिवर्तन के फलस्वरूप उनकी धारणा में आए बदलाव के बारे में जानकारी प्राप्त की जाती है।
- पीएमआई (PMI) का उद्देश्य कंपनी के निर्णय निर्माताओं, विश्लेषकों और निवेशकों को वर्तमान एवं भविष्य की व्यावसायिक स्थितियों के बारे में जानकारी प्रदान करना है।
- इसकी **विनिर्माण और सेवा सेक्टर** के लिये अलग-अलग **गणना** की जाती है और फिर एक कंपोज़िट इंडेक्स भी बनाया जाता है।
- **PMI 0 से 100** तक की संख्या में व्यक्त किया जाता है।
  - 50 से ऊपर के स्कोर का अर्थ है विस्तार, जबकि इससे नीचे का स्कोर संकुचन को दर्शाता है।
  - 50 का स्कोर कोई बदलाव नहीं दर्शाता है।
- यदि पिछले महीने का PMI चालू माह के PMI से अधिक है, तो यह दर्शाता है कि अर्थव्यवस्था संकुचित हो रही है।
- यह आमतौर पर हर महीने की शुरुआत में जारी किया जाता है। इसलिये इसे आर्थिक गतिविधि का एक अच्छा अग्रणी संकेतक माना जाता है।
- PMI को IHS मार्किट द्वारा दुनिया भर में 40 से अधिक अर्थव्यवस्थाओं के लिये संकलित किया गया है।
  - **IHS मार्किट** दुनिया भर में अर्थव्यवस्थाओं को चलाने वाले प्रमुख उद्योगों और बाज़ारों के लिये सूचना, विश्लेषण एवं समाधान हेतु एक वैश्विक मंच है।
  - IHS मार्किट एसएंडपी ग्लोबल का हिस्सा है।

PMI का महत्त्व:

- आर्थिक स्वास्थ्य के संकेतक के रूप में **PMI** का व्यापक रूप से पालन किया जाता है क्योंकि विनिर्माण और सेवा क्षेत्र आर्थिक विकास का एक प्रमुख चालक है।
- सामान्य तौर पर एक **उच्च PMI** रीडिंग को अर्थव्यवस्था के लिये सकारात्मक संकेत के रूप में देखा जाता है, क्योंकि यह इंगित करता है कि **विनिर्माण** और **सेवा** क्षेत्र अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं तथा **आर्थिक विकास** में योगदान दे रहे हैं।
- **कम PMI** रीडिंग को एक **नकारात्मक संकेत** के रूप में देखा जाता है क्योंकि यह इंगित करता है कि **विनिर्माण और सेवा क्षेत्र संघर्ष** कर रहे हैं तथा **समग्र आर्थिक प्रदर्शन को नीचे ले जा रहे हैं।**

UPSC सिविल सेवा परीक्षा विगत वर्ष के प्रश्न

प्रश्न. S&P 500 किससे संबंधित है? (2008)

(a) सुपरकंप्यूटर
(b) ई-बिज़िनेस में एक नई तकनीक
(c) पुल निर्माण में एक नई तकनीक
(d) बड़ी कंपनियों के शेयरों का एक सूचकांक

उत्तर: (d)

व्याख्या:

- S&P 500 (स्टैंडर्ड एंड पूअर्स 500) एक अमेरिकी स्टॉक इंडेक्स है, जिसे व्यापक रूप से बड़ी पूंजी वाले यूएस इक्विटीज़ का सबसे अच्छा मापक माना जाता है।

स्रोत: द हिंदू

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/purchasing-managers-index-2